बरेली, गुरुवार
1 नवंबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

Page NO : 06 Left Middle

एसआरएमएस कॉलेज ने जीते 20 गोल्ड मेडल

स्थानीय खेलकूद

जागरण संवाददाता, बरेली : एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से शहर के फ्यूचर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।

20 स्वर्ण, 17 रजत एवं नौ कांस्य पदक बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबाल, फुटबाल, खो-खो, चेस और एथलेटिक्स में झटके। बुधवार को सभी खिलाड़ियों का संस्थान के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों में आकृति सिंह, अभिनय मिश्रा, प्रशांत सिंह तोमर, हरेश चौहान, सौम्या शर्मा, इशिता बनर्जी, निशा सिंह, रुचि बोहरा, मीनाक्षी आदि शामिल है।

ये रहे मौजूद

खिलाड़ियों का स्वागत करने वालों में ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. ललित सिंह, डॉ. राजेश त्यागी, आशीष कुमार, शैलेश कुमार एवं सभी विभागाध्यक्षों ने विजेताओं को बधाई दी।